सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-479**

02/11/2018

हिन्दुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

पटना, 02 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज 1, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में हिन्दुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री अरुण कुमार गुप्ता तथा कंपनी के चीफ जेनरल मैनेजर श्री अतुल तिवारी ने मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर एंड केमिकल लिमिटेड के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विस्तृत रूप से कंपनी की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया।

कंपनी के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस संयुक्त उपक्रम से मई 2021 से रासायनिक उर्वरकों का व्यावसायिक उत्पादन शुरू होने लगेगा जिससे प्रतिदिन 2200 मीट्रिक टन अमोनिया एवं 3850 मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन होगा। इस उपक्रम के शुरू होने से 400 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जबकि 2200 लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि इस उपक्रम के चालू हो जाने से राज्य के किसानों को आसानी से रासायनिक उर्वरक एवं यूरिया उपलब्ध हो सकेगा। उत्पादन शुरू होने से ना केवल राज्य की आर्थिक आय में वृद्धि होगी बल्कि प्रत्यक्ष कर में भी बढ़ोत्तरी होगी। हिन्दुस्तान उर्वरक एंड रसायन लिमिटेड की बरौनी यूनिट में उत्पादन शुरू होने से यातायात दबाव भी कम होगा क्योंकि बिहार में वेस्टर्न एंड सेंट्रल रीजन से रेल व अन्य यातायात साधनों के जरिये रसायनिक उर्वरकों एवं यूरिया की आपूर्ति होती रही है।

चर्चा के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य सरकार के सहयोग की अपेक्षा की जिसपर मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

******